24 घंटे में ईरान पर हमले के संकेत

पहले की शांति की बात अब युद्ध की तैयारी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दोहरे चेहरे से दुनिया हैरान

वॉशिंगटन/तेहरान, 23 जनवरी. दुनियाभर में शांति स्थापना की बात करने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने महज 24 घंटे के भीतर ही ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई के संकेत दिए हैं.

अरब सागर से लेकर फारस की खाड़ी तक अमेरिकी युद्धपोतों, फाइटर जेट्स और मिसाइल डिफेंस सिस्टम की तैनाती तेज कर दी गई. वाशिंगटन इसे 'रक्षात्मक कदम' बता रहा है. यूएसएस यूएसएस अब्राहम लिंकन विमानवाहक पोत के नेतृत्व में एयरक्राफ्ट कैरियर स्ट्राइक ग्रुप को अरब सागर या फारस की खाड़ी की ओर भेजा जा रहा है. इस समूह में गाइडेड-मिसाइल डिस्ट्रॉयर और एक अटैक सबमरीन भी शामिल है. खास बात यह है कि यह जंगी बेड़ा अब ओपन-सोर्स ट्रैकिंग सिस्टम पर दिखाई नहीं दे रहा, जिसे आमतौर पर युद्ध-तैयारी का संकेत माना जाता है. साथ ही अमेरिका ने एफ-15ई स्ट्राइक ईगल और ए-10 थंडरबोल्ट जैसे फाइटर जेट जॉर्डन और कतर स्थित सैन्य ठिकानों पर तैनात कर दिए हैं. हवा में ईंधन भरने की क्षमता के लिए च्ष्ट-135 एयर टैंकर भी सक्रिय कर दिए गए हैं, जिससे अमेरिकी लड़ाकू विमानों की मारक क्षमता कई गुना बढ़ गई है. मिसाइल हमलों से बचाव के लिए इज़राइल और क़तर में थाड और पैट्रियट मिसाइल डिफेंस सिस्टम पहले से तैनात हैं.

> इन तमाम तैयारियों से साफ है कि अमेरिका केवल संभावित हमले की नहीं, बल्कि जवाबी कार्रवाई से निपटने की भी पूरी तैयारी कर चुका है. हालांकि, अमेरिकी अधिकारियों का दावा है कि यह सब एहतियाती कदम हैं और इसका उद्देश्य अमेरिकी बलों व सहयोगियों की सुरक्षा है. खुद ट्रंप ने भी कहा है कि वह सैन्य कार्रवाई से बचना चाहते हैं. लेकिन ईरान के क़रीब बढ़ती सैन्य मौजूदगी ने अंतरर्राष्ट्रीय समुदाय की चिंता बढ़ा दी है.

तीनों सेनाओं की झांकी में दिखाई देगी ऑपरेशन सिंदूर की ताकत की झलक

नई दिल्ली 23 जनवरी. गणतंत्र दिवस पर तीनों सेनाओं की झांकी में ऑपरेशन सिंदूर की मारक क्षमता की झलक दिखाई देगी. ऑपरेशन सिंदूर-संयुक्तता के माध्यम से विजय थीम पर आधारितयह झांकी राष्ट्र के विकसित सैन्य सिद्धांत का प्रभावशाली और सशक्त चित्रण होगी जो सटीकता, एकीकरण और स्वदेशी श्रेष्ठता की दिशा में निर्णायक परिवर्तन को दर्शाती है.

इसमें भारत की ओर से सख्त संदेश भी दिया गया है कि निर्णायक, संयुक्त और आत्मनिर्भर सैन्य शक्ति का युग आ चुका है. ऑपरेशन सिंदूर ने आत्मनिर्भर भारत की बढ़ती ताकत और विकसित भारत 2047 की दिशा में राष्ट्र की अडिग प्रगति को प्रतिबिंबित किया. यह भविष्य आत्मनिर्भर, समन्वित और अटूट रक्षा क्षमताओं से परिभाषित है. यह झांकी तीनों सेनाओं के समन्वय की इस कहानी को गतिशील और क्रमबद्ध प्रस्तुति के माध्यम से जीवंत करती है. गणतंत्र दिवस पर राजधानी दिल्ली में सुरक्षा के अभूतपूर्व इंतज़ाम किए गए हैं और किसी भी तरह की चूक से बचने के लिए बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था लागू की गयी है. दिल्ली पुलिस के अनुसार राजधानी के संवेदनशील इलाकों, सीमावर्ती क्षेत्रों और प्रमुख सरकारी भवनों के आसपास कड़ी निगरानी की जा रही है.

सड़कों पर हर तरफ बर्फबारी

तापमान में आई गिरावट, निचले इलाकां में हुई हल्की बारिश

नई दिल्ली/ नैनीताल, पिथौरागढ़. टिहरी 23 जनवरी. पहाड़ों की रानी कहे जाने वाले शिमला में सीजन व साल का पहला बर्फबारी दिल को मोह लिया है. कुदरत ने आसमान से सफेद फुल बरसाया हैं.

इसे देखने के लिए लोगों का जमावड़ा हो गया है. सिटी के बाजारों तक फुल में बर्फ ही बर्फ है. सीजन की पहली बर्फबारी को देखकर ऐसा लग रहा जैसे छुट्टी लौट कर आयी है. सीजन की पहली बर्फबारी ने ठंड का असर बढ़ा दिया है. पहाड़ों पर सफेद चादर बिछने से क्षेत्र का नज़ारा बेहद आकर्षक हो गया है. देर रात से ऊंचाई वाले इलाकों में बारिश और बर्फबारी का सिलसिला जारी है. धनोल्टी के साथ-साथ सुरकंडा देवी, कद्दूखाल और नाग टिब्बा क्षेत्र में हल्की से मध्यम बर्फबारी दर्ज की गई है, जिससे तापमान में खासी गिरावट आई है. वहीं निचले इलाकों में हल्की बारिश से ठिठुरन बढ़ गई है.

सीजन की पहली बर्फबारी से स्थानीय लोगों और पर्यटकों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है. पर्यटन कारोबार से जुड़े लोगों को भी आने वाले दिनों में पर्यटकों की संख्या बढ़ने की उम्मीद है.

कश्मीर, उत्तराखंड में हिमपात, दिल्ली में बारिश

उत्तर भारत के अधिकांश हिस्सों में शुक्रवार को मौसम के बदले मिजाज के कारण जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ. कश्मीर घाटी और उत्तराखंड में हिमपात, राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली, पंजाब, हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में भारी बारिश के कारण जनजीवन खासा प्रभावित हुआ. कश्मीर घाटी में भारी हिमपात और जम्मू संभाग में मूसलाधार बारिश के कारण रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-44) को यातायात के लिए बंद कर दिया गया.

नेताजी के विचार हमेशा मार्गदर्शक रहेंगे

बसंत पंचमी पर केजरीवाल ने महापुरुषों को किया नमन

नई दिल्ली, 23 जनवरी. बसंत पंचमी पर आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल ने देशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए ज्ञान, विवेक और संस्कार की कामना की.

उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक संदेश साझा कर मां सरस्वती से प्रार्थना की कि उनका आशीर्वाद देश और समाज पर बना रहे, ताकि भारत विश्वगुरु बनने की राह पर निरंतर आगे बढ़ सके. उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि नेताजी के विचार और संघर्ष आने वाली पीढ़ियों के लिए मार्गदर्शक बने रहेंगे. इसके अलावा केजरीवाल ने शिवसेना के संस्थापक और मराठी अस्मिता के प्रखर प्रहरी बालासाहेब ठाकरे की जयंती पर भी उन्हें शत-शत नमन किया. उन्होंने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर उन्हें कोटि-कोटि नमन करते हुए उनके अदम्य साहस और देशप्रेम को आज भी प्रेरणादायक बताया. साथ ही शिवसेना संस्थापक बालासाहेब ठाकरे की जयंती पर उन्हें मराठी अस्मिता का प्रखर प्रहरी बताते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की. केजरीवाल का यह संदेश धार्मिक आस्था, राष्ट्रभक्ति और महान व्यक्तित्वों के स्मरण का एक समन्वित स्वरूप बनकर सामने आया. केजरीवाल ने लिखा कि विद्या और बुद्धि की देवी का आशीर्वाद देश और समाज पर बना रहे, ताकि भारत विश्वगुरु बनने की दिशा में निरंतर आगे बढ़ता रहे. अपने संदेश में केजरीवाल ने बसंत पंचमी को केवल एक धार्मिक पर्व के रूप में नहीं, बल्कि समाज में सकारात्मकता, शिक्षा और जागरूकता के प्रतीक के रूप में प्रस्तुत किया.

यूपी में 75 जिलों में काटी बिजली अंधेरा छाते ही बज गया सायरन

नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर मेगा मॉक ड्रिल

लखनऊ, 23 जनवरी. यूपी के सभी 75 जिलों में शुक्रवार को ब्लैकआउट हो गया. जैसे ही शाम छह बजे तो बिजली काट दी गई, जिससे पूरे प्रदेश में अंधेरा छा गया और सायरन बजने शुरू हो गए.

दरअसल पूरे प्रदेश में आतंकी हमलों को लेकर हमेशा तैयार रहने के लिए मॉक ड्रिल की गई है. नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर आयोजित यह 10 मिनट का ब्लैकआउट एक मेगा मॉक ड्रिल का हिस्सा था, जिसका उद्देश्य आतंकी गतिविधियों और भविष्य में किसी भी संभावित हवाई हमले जैसी आपात स्थितियों से निपटने के लिए सुरक्षा व्यवस्था को परखना था.

सायरन बजते ही सड़कों पर पुलिस की सायरन वाली गाड़ियां और प्रशासन की टीमें सक्रिय हो गईं. बरेली, मेरठ, लखनऊ, कानपुर समेत प्रमुख शहरों में चौराहों पर पुलिस ने मोर्चा संभाल लिया. इस दौरान नागरिक सुरक्षा, एडीआरएफ, एनडीआरएफ, फायर ब्रिगेड और स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने समन्वय का प्रदर्शन किया. ब्लैकआउट और मॉकड्रिल को लेकर प्रशासन ने पहले ही स्पष्ट कर दिया था कि यह केवल एक अभ्यास है, जिससे जनता में किसी प्रकार का भय न फैले.

इंडिगो फ्लाइट को बम से उड़ाने की धमकी

नई दिल्ली. पिछले कुछ दिनों में फ्लाइट्स को बम से उड़ाने की धमकी से जुड़े मामले बढ़ गए हैं. अभी 18 जनवरी को ही दिल्ली से सिलीगुड़ी के बागडोगरा एयरपोर्ट जा रही इंडिगो की फ्लाइट को बम से उड़ाने की धमकी मिली थी. इंडिगो की फ्लाइट को बम से उड़ाने की धमकी मिली. इंडिगो ने बयान जारी कर कहा है कि एयरक्राफ्ट के टॉयलेट में हाथ से लिखा हुआ एक नोट मिला. हाथ से इस नोट में फ्लाइट को बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी. इस फ्लाइट को पुणे एयरपोर्ट पर सुरक्षित लैंड करा लिया गया है और सभी यात्रियों को सुरक्षित उतार लिया गया है. इंडिगो की इस फ्लाइट को रात 8.40 बजे पुणे एयरपोर्ट पर लैंड करना था.

इंदौर की बेटी ने डर्मेटोलॉजी की दुनिया में रचा इतिहास

डॉ. नेहा सोलंकी को गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड का मिला खिताब

इंदौर, 23 जनवरी. त्वचा-स्वास्थ्य के प्रति जन-जागरूकता का अलख जगाने के अपने जुनून और अटूट समर्पण की बदौलत इंदौर की बेटी डॉ. नेहा सोलंकी ने विश्वपटल पर एक नया कीर्तिमान रच दिया है.

वर्तमान में पुणे में प्रैक्टिस कर रहीं डर्मेटोलॉजिस्ट डॉ. नेहा को आधिकारिक रूप से गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड के प्रमाण-पत्र से सम्मानित किया गया है, जो उनके पेशेवर सफर की एक ऐसी गौरवशाली उपलब्धि है.

बच गई फ्रांस सरकार अविश्वास प्रस्ताव विफल

पेरिस. फ्रांस की सरकार के खिलाफ लाये गए दो अविश्वास प्रस्ताव शुक्रवार को गिर गए जिससे प्रधानमंत्री सेबस्टियन लेकोर्नू की सरकार पर मंडरा रहा संकट फिलहाल टल गया है. अविश्वास प्रस्ताव के गिरने से वर्ष 2026 के लिए पूर्ण राज्य बजट को अपनाने की दिशा में एक बड़ी बाधा दूर हो गई है. वामपंथी दल फ्रांस अनबोड द्वारा लाए गए अविश्वास प्रस्ताव को 269 सांसदों का समर्थन मिला, जो इसे पारित करने आवश्यक बहुमत से केवल 19 मत कम रहा. वहीं, धुर दक्षिणपंथी नेशनल रैली के पेश किए दूसरे प्रस्ताव को मात्र 142 सांसदों का ही समर्थन मिल सका. इन प्रस्तावों के गिरने के साथ ही लेकोर्नू सरकार ने राहत की सांस ली है.

आज का इतिहास

- 1556 - चीन के शानसी प्रांत में भूकंप से आठ लाख से अधिक लोगों की मौत।
- 1826 - पहले भारतीय बैरिस्टर ज्ञानेन्द्र मोहन टैगोर का जन्म।
- 1857 - कलकत्ता विश्वविद्यालय की स्थापना।
- 1937 - बुल्गारिया और युगोस्लाविया ने मैत्री संधि पर हस्ताक्षर कर लंबे समय से चली आ रही दुश्मनी को खत्म किया।
- 1945 - सुभाष घई - हिन्दी फिल्मों के ख्यातिप्राप्त निर्माता-निर्देशक का जन्म।
- 1950 - 'जन गण मन...' को भारत के राष्ट्रगान के रूप में स्वीकार किया गया।

प्रतिस्पर्धा के कारण कपड़ा उद्योग खस्ताहाल

नई दिल्ली, 23 जनवरी. कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि टैरिफ, चीनी और बंगलादेशी प्रतिस्पर्धा के कारण कपड़ा उद्योग खस्ताहाल हो गया है इसलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इस पर ध्यान देना चाहिए. श्री गांधी ने अमेरिकी राष्टपति डोनाल्ड ट्रम्प का टैरिफ प्रभाव देखने गारमेंट एक्सपोर्ट फैक्ट्री का दौरा किया और सच देखने के बाद सोशल मीडिया एक्स पर शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इसके लिए जिम्मेदार ठहराते हुए लिखा मोदी जी, आप जवाबदेह हैं. कृपया इस मामले पर ध्यान आकर्षित करें. भारत का कपड़ा उद्योग हमारी अर्थव्यवस्था में दूसरा सबसे बड़ा नियोक्ता है और हमारा कपड़ा उद्योग दुनिया भर में पसंद किया जाता है. हमारे दर्जी की कलाकारी का सच में कोई मुकाबला नहीं है. फिर भी आज यह उद्योग अमेरिकी टैरिफ के कारण गहरी अनिश्चितता और भय का सामना कर रहा है. अमेरिका के 50 प्रतिशत टैरिफ, यूरोप में गिरती कीमत और बंगलादेश, चीन से कड़ा मुकाबला हमारे परिधान और कपड़ा निर्यातक हर तरफ से पिस रहे हैं. इसका सीधा असर नौकरियों पर पड़ रहा है क्योंकि इकाइयां बंद हो रही हैं, खरीद घट रही है और पूरे सेक्टर में नौकरियां बंद हो रही हैं. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस उद्योग को कोई राहत नहीं दी है या टैरिफ के बारे में कोई बात भी नहीं की है जबकि इस क्षेत्र में 4.5 करोड़ से अधिक नौकरियां और लाखों व्यवसाय दांव पर हैं. कांग्रेस नेता ने कहा हाल ही में हरियाणा में एक कपड़ा फैक्ट्री के दौरे के दौरान, मैंने हमारे दर्जियों के कौशल और हमारे लोगों की दृढ़ता और महत्वाकांक्षा को प्रत्यक्ष रूप से देखा - उन्हें बस एक ऐसी सरकार चाहिए जो उन्हें वास्तविक समर्थन दे.

एनआईए ने कई जगहों पर की छापेमारी

चंडीगढ़, 23 जनवरी. एनआईए ने 2025 अमृतसर मंदिर ग्रेनेड आतंकी हमले के मामले में चल रही जांच के तहत पंजाब के तीन सीमावर्ती जिलों में 10 जगहों पर छापे मारे है. अमृतसर, तरनतारन और गुरदासपुर में मारे गए इन छापों में कई आपत्तिजनक चीजें जब्त की गई, जिनमें मोबाइल फोन, डिजिटल डिवाइस और कई दस्तावेज़ शामिल हैं. यह मामला पिछले साल 14 मार्च की रात को अमृतसर में शेर शाह रोड पर खंडवाला में ठाकुर द्वारा सनातन मंदिर के बाहर हुए धमाके से जुड़ा है.

ईडी ने बिर्च रोमियो लेन के मालिकों के ठिकानों पर मारा छापा

नई दिल्ली, 23 जनवरी. प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गोवा में एक क्लब में आग लगने की घटना के मामले में 'बिर्च बाय रोमियो लेन' के मालिकों, लूथरा भाइयों और अजय गुप्ता के घरों और कार्यालयों पर छापे मारे हैं. ये छापे गोवा में गत वर्ष छह दिसंबर को हुई दुखद अग्नि दुर्घटना के बाद क्लब के अवैध कामकाज और इसके प्रमोटरों की भूमिका से जुड़े धन शोधन एंगल की जांच के लिए मारे जा रहे हैं.

केन्द्रीय रेशम बोर्ड

वस्त्र मंत्रालय - भारत सरकार

बीटीएम लेआउट, मडीवाला,बेंगलुरु - 560 068, कर्नाटक

फोन: +91 80 26282699 फैक्स: +91 80 26681511 ई-मेल: estab.csb@nic.in

विज्ञापन सं.CSB/02/2024 **भर्ती सूचना** दिनांक: 24.01.2026

कृपया केंद्रीय रेशम बोर्ड केसंक्षिप्त विज्ञापन सं. CSB/02/2024 दिनांक **24.08.2024** का संदर्भ लें, जोपूर्वमेंकेरेबो की वेबसाइट तथा **31.08.2024** को रोजगार समाचारमें प्रकाशित किया गया है। यह विज्ञापनगेट-2025 परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर वैज्ञानिक-बी (पोस्ट कोकून सेक्टर) के **28 पदों** की भर्तीसे संबंधित है।

ऑनलाइन आवेदन लिंक19 जनवरी, 2026से उपलब्ध है। इच्छुक अभ्यर्थियों कोकेवल ऑनलाइन माध्यम सेआवेदन करना चाहिए। विस्तृत विज्ञापन केरेबो की वेबसाइट [**www.csb.gov.in**] पर **"JOB Opportunities"** लिंक के अंतर्गत उपलब्ध है।ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि **18 फरवरी, 2026** है। अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने से पूर्व विस्तृत विज्ञापन कोभली-भांति एवं अनिवार्य रूप से पढ़ लेने की सलाह दी जाती है।

CBC: 41109/12/0015/2526 **केन्द्रीय रेशम बोर्ड**

म.प्र. राज्य पर्यटन विकास निगम मर्या.

पर्यटन भवन, भदभदा रोड, भोपाल-462003

फोन : +91-755-4027100, 2774340, 42, Web. : www.mpstdc.com

क्रमांक 28/यांत्रिकी/पविनि/26 दिनांक 23.01.2026

निविदा सूचना 82/2025_STDC_477983_1

मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम भोपाल द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन (Online) निविदा प्रपत्र APPENDIX 2.10 पर म.प्र. लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है।

कार्य का नाम :- पीली कोठी उमरिया जिला उमरिया में बाहरी विद्युतीकरण, आंतरिक लाइटिंग एवं अन्य विद्युत कार्य। (कार्य पूर्णता का समय 06 माह)। कार्य की अनुमानित लागत राशि रु. 62.45 लाख।

वेबसाइट पर ऑनलाइन भुगतान कर निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से क्रय किये जा सकते हैं। निविदा प्रपत्र ऑनलाइन क्रय करने की **अंतिम तिथि 06.02.2026 समय सायं 05:00 बजे तक** निर्धारित है। कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

म.प्र. माध्यम/124131/2026 **कार्यपालन यंत्री**

बंगलादेश सरकार को उखाड़ फेंकने एकजुट हो : हसीना

नई दिल्ली, 23 जनवरी. बंगलादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने शुक्रवार को बंगलादेश की मौजूदा एवं अंतरिम सरकार पर देश को अराजकता में धकेलने और लोकतंत्र को गंभीर खतरे में डालने का आरोप लगाया. उन्होंने यहां आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में ऑडियो लिंक के माध्यम से अपनी बात रखते हुए कहा कि राष्ट्र को मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली इस कठपुतली सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए एकजुट होकर उठ खड़ा होना चाहिए.

म.प्र. राज्य पर्यटन विकास निगम मर्या.

पर्यटन भवन, भदभदा रोड, भोपाल-462003

फोन : +91-755-4027100, 2774340, 42, Web. : www.mpstdc.com

क्रमांक 25/यांत्रिकी/पविनि/26 दिनांक 23.01.2026

निविदा सूचना 081/2026_STDC_477976_1

मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम भोपाल द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन (Online) निविदा प्रपत्र APPENDIX 2.10 पर म.प्र. लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है।

कार्य का नाम :- कूनो नेशनल पार्क जिला श्योपुर स्थित टिकटौली गेट में इंटरप्रिटेशन सेंटर, कैफेटेरिया, प्रवेश द्वार का निर्माण एवं अन्य विकास कार्य। (12 माह)। कार्य की अनुमानित लागत राशि रु. 303.74 लाख।

वेबसाइट पर ऑनलाइन भुगतान कर निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से क्रय किये जा सकते हैं। निविदा प्रपत्र ऑनलाइन क्रय करने की **अंतिम तिथि 13.02.2026 समय सायं 05:00 बजे तक** निर्धारित है। कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

म.प्र. माध्यम/124132/2026 **कार्यपालन यंत्री**

CENTRUM Home Loans — Aao milkar ghar banaye

कॉर्पोरेट और पंजीकृत कार्यालय: यूनिट नंबर 801, सेंट्रम हाउस, सीएसटी रोड, विद्यानगरी मार्ग, कलिना, सांताक्रूज (पूर्व), मुंबई- 400098, सीआईएन नंबर U65922MH2016PLC273826

कब्जा नोटिस

(प्रतिरक्षा हित प्रवर्तन नियम, 2002 के परिशिष्ट IV को नियम 8(1) और नियम 8(2) के साथ पढ़ा जाए तो)

ऋण खाता संख्या: JLRJL24015746

जबकि, अधोहस्ताक्षरी, सेंट्रम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी होने के नाते, वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत तथा सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 की धारा 13(12) के साथ नियम 3 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, मैंने 13/11/2025 को हरि चंद कोल को ऋणकर्ता तथा चंद्रप्रभा जी और अमित कोल को सह-ऋणकर्ता के रूप में नोटिस जारी कर नोटिस में उल्लिखित बकाया राशि 24,93,719/- (चौबीस लाख तिरानवे हजार सात सौ उन्नीस मात्र) संविदात्मक ब्याज, दंडात्मक ब्याज, प्रभार, लागत आदि सहित उक्त नोटिस की तिथि से 60 दिनों के भीतर चुकाने का आदेश दिया है।

ऋणकर्ता द्वारा राशि का भुगतान न कर पाने के कारण, ऋणकर्ता को, विशेष रूप से और आम जनता को, एतद्वारा सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के साथ-साथ सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए 22 जनवरी, 2026 को नीचे वर्णित संपत्ति पर कब्जा कर लिया है।

ऋणकर्ता को, विशेष रूप से और आम जनता को, एतद्वारा चेतावनी दी जाती है कि वे संपत्ति से संबंधित कोई भी लेन-देन न करें और संपत्ति से संबंधित कोई भी लेन-देन सेंट्रम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा, जिसमें संविदात्मक ब्याज और दंडात्मक ब्याज, शुल्क, लागत आदि शामिल होंगे।

ऋणकर्ता का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है, जो गिरवी रखी गई संपत्तियों को छुड़ाने के लिए उपलब्ध समय से संबंधित हैं।

अचल संपत्ति का विवरण

मध्य प्रदेश के जबलपुर जिले के रंझी तहसील में स्थित मौजा बिलपुरा, मकान संख्या 21/16, नया मकान संख्या 53, खसरा संख्या 593/1/2 के भाग में स्थित अचल संपत्ति, जिसमें मकान संख्या 5, क्षेत्रफल 1040 वर्ग फुट है, के अधिकार, भाग और अंश में। सीमाएँ: पूर्व: बंदू कश्यप का भूखंड, पश्चिम: मकान संख्या 4 (गुड्डी बाई, विक्रेता), उत्तर: सड़क, दक्षिण: गुड्डी बाई, विक्रेता का भूखंड।

दिनांक : 22.01.2026
स्थान: जबलपुर

अधिकृत अधिकारी,
सेंट्रम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दमोह जिला दमोह म.प्र.

क्रमांक/जि.पं./मत्स्यपालन/पट्टा/2025-26/92 **विज्ञप्ति** दमोह, दिनांक :- 21/01/2026

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि म.प्र.शासन मछली पालन विभाग मंत्रालय भोपाल के आदेश/ज्ञापन क्रमांक 1548/2008/36 भोपाल/दिनांक 08 अक्टूबर 2008 के अनुसार एवं म.प्र.शासन की मत्स्यपालन नीति 2008 एवं त्रिस्तरीय पंचायतों को मत्स्योद्योग के अधिकार कार्यक्रम अंतर्गत जिला पंचायत दमोह क्षेत्राधिकार के निम्न सिंचाई तालाबों/जलाशयों को मछली पालन/मत्स्याखेट/ कमल गट्टा जल कृषि (फसल) हेतु 10 वर्ष के लिये पट्टे पर दिया जाना है।

क्र.	तालाब/जलाशय का नाम	औसत जल क्षेत्र हेक्टेयर	विकासखंड का नाम	निर्धारित वार्षिक पट्टा राशि रुपए में
1	2	3	4	5
1.	माला जलाशय	293.00 हेक्टेयर	जबेरा	21975/-

अत : इच्छुक पंजीकृत, मछुआ सहकारी समितियों/स्व-सहायता समूह/मछुआ समूह 15 पंद्रह दिन के अंदर दिनांक 11/02/2026 तक कार्यालयीन समय में आवेदन पत्र पूर्ण भरकर कार्यालय जिला पंचायत दमोह म.प्र. में जमा कर सकते हैं। निर्धारित दिनांक एवं समय के पश्चात कोई भी आवेदन पत्र मान्य नहीं होगा। निर्धारित समयावधि में प्राप्त आवेदन पत्रों को म.प्र.शासन की मत्स्य पालन नीति 2008 के प्रावधान अनुसार प्राथमिकता क्रम के निर्धारण के अनुसार चयन किया जायेगा।

1. प्राथमिकता क्रम सबसे पुरानी क्रियाशील स्थानीय/आस-पास के कार्यक्षेत्र की वंशानुगत मछुआ जाति/अनु. जन जाति/अनु. जाति/पिछड़ा वर्ग एवं सामान्य वर्ग की पंजीकृत मछुआ सहकारी समितियां।
2. जलाशय क्षेत्र में पंजीकृत मछुआ सहकारी समितियों के आवेदन पत्र प्राप्त नहीं होने पर बिन्दु क्रमांक 1 में उल्लेखित प्राथमिकता क्रम अनुसार ही (स्व-सहायता समूह/ मछुआ समूह जो कि जिला अधिकारी मछली पालन विभाग से मान्य/पंजीकृत हो तथा मछली पालन के निमित्त गठित हुआ हो) को प्राथमिकता दी जायेगी लेकिन ऐसे स्व-सहायता समूह/ मछुआ समूह/प्रस्तावित मछुआ सहकारी समितियों के लिये आवश्यक होगा कि वह पट्टा प्राप्त करने के दिनांक से एक वर्ष की अवधि में समिति के पंजीयन कराने का वचन पत्र देगा और तदनुसार पंजीयन करावेगा ऐसा ना होने की स्थिति में पट्टा निरस्त कर दिया जावेगा।
3. म.प्र.शासन मत्स्य पालन नीति 2008 के प्रावधानुसार मछली पालन विभाग के जिला अधिकारी से मछुओं की पहचान एवं प्रमाणीकरण तथा बिना अनुशंसा के पंजीकृत मछुआ सहकारी समितियों को पात्रता नहीं होगी।
4. विज्ञप्ति की समयावधि में स्व-सहायता समूह/मछुआ समूह के आवेदन पत्रों पर प्राथमिकताक्रम के निर्धारण होने के बाद मछली पालन विभाग के जिला अधिकारी की मछुओ की पहचान एवं प्रमाणीकरण तथा बिना अनुशंसा के पंजीकृत मछुआ सहकारी समितियों को पात्रता नहीं होगी।
5. सिंचाई परियोजना के निर्माण से विस्थापित एवं प्रभावित होने वाले वंशानुगत मछुआ जाति को मत्स्य पालन/मत्स्य विकास के अधिकार में सर्वोच्च प्राथमिकता होगी।
6. लीज राशि का निर्धारण मत्स्यपालन नीति 2008 के प्रावधानुसार किया जावेगा।
7. आवेदक एवं उनके रिश्तेदारों को पंचायत का पदाधिकारी नहीं होना चाहिए।
8. राषि डिफाल्टर समिति/समूहों को पुन: पट्टा प्रदाय नहीं किया जायेगा।

आवेदन पत्र के साथ निम्न दस्तावेज संलग्न करे :-

अ) समिति द्वारा :- 1. आवेदन पत्र, 2. निवास, जाति प्रमाण पत्र, 3. गरीबी रेखा प्रमाण पत्र, 4. सदस्यों का बी.पी.एल. सर्वेक्षण प्रमाण पत्र छायाप्रति, 5. जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र, 6. समिति का जलाशय लेने ठहराव / प्रस्ताव ,7. समिति सदस्यों की सूची एवं वायलाज , 8. समिति की विगत तीन वर्षों की अंकेक्षण रिपोर्ट, 9. सदस्यों के मतदाता परिचय पत्र की छायाप्रति ।

(ब) समूह द्वारा :- 1. आवेदन पत्र , 2. सदस्यों के निवास एवं जाति प्रमाण पत्र, 3. गरीबी रेखा प्रमाण पत्र, 4. सदस्यों का बी.पी.एल. राशन कार्ड की छायाप्रति, 5. समूह के बैंक खाता की छायाप्रति। 6. जलाशय लेने का ठहराव / प्रस्ताव, 7. गरीबी रेखा का प्रमाण पत्र, 8. समूह के मुखिया का चयन एवं सदस्यों की सूची, 9. सदस्यों के मतदाता परिचय पत्र की छायाप्रति ।

इस संबंध में अधिक जानकारी हेतु कार्यालय जिला पंचायत दमोह जिला अथवा कार्यालय सहायक संचालक मत्स्योद्योग जिला दमोह में शासकीय कार्य दिवसों एवं कार्यालयीन समय में विस्तृत विवरण देखा जा सकता है या संपर्क कर सकते हैं। पट्टा आवंटन की संपूर्ण कार्यवाही म.प्र. शासन मछली पालन विभाग मंत्रालय भोपाल के आदेश/ज्ञापन क्रमांक 1548/2008/36/भोपाल/दिनांक 08 अक्टूबर 2008 के अनुसार जारी नीति निर्देशानुसार की जावेगी।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जिला पंचायत दमोह (म.प्र.)

1.5 लाख करोड़ के बैंक फ्रॉड मामले में सुप्रीम कोर्ट सख्त

नई दिल्ली, 23 जनवरी . सुप्रीम कोर्ट ने अनिल अंबानी और अनिल अंबानी ग्रुप को निर्देश दिया है कि वे एक जनहित याचिका पर अपना जवाब यानी काउंटर एफिडेविट दाखिल करें.

इस याचिका में करीब 1.5 लाख करोड़ रुपए के बड़े बैंक फ्रॉड की कोर्ट की निगरानी में जांच कराने की मांग की गई है. यह मामला चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच के सामने है. कोर्ट ने पहले ही इस मामले में नोटिस जारी कर दिया था. इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई और ईडी को भी आदेश दिया है कि वे इस कथित फ्रॉड मामले में चल रही जांच की स्टेटस रिपोर्ट कोर्ट में जमा करें. पीआईएल दाखिल करने वाले ईएएस सरमा, जो पूर्व आईएएस अधिकारी हैं, ने आरोप लगाया है कि अनिल अंबानी ने सरकार और बैंक अधिकारियों की मिलीभगत से अपने सहयोगियों को जानबूझकर दिवालिया बनाकर करीब 1.5 लाख करोड़ रुपए का नुकसान कराया. कोर्ट ने कहा है कि अगर जांच रिपोर्ट पूरी न हो तो एजेंसियां उसे सीलबंद लिफाफे में जमा कर सकती हैं.

M.P. POWER GENERATING COMPANY LIMITED

Office of the Superintending Engineer (P&W), A.T.P.S., Chachai,

Phone : 07659-299469, Email : sepnwatps23@gmail.com, Mobile No. : 9425808855

No. 001-04/P&W/NIT/3098 Chachai, Dtd. 22.01.2026

NOTICE INVITING TENDER "THROUGH E-TENDERING ONLY"

M.P. Power Generating Co. Ltd. invites electronic tenders from experienced contractors/vendors for the works/supplies as detailed below for ATPS, MPPGCL, Chachai :-

Tender-ID	Tender Particulars	Estimated Cost (Rs.)	EMD (in Rs.)	Bid Submission End Date & Time	Date & Time of Opening of E-Tender
MPPGCL Tender No.-2026_MPPGC_476903_1	Biennial work contract for conveyor belt jointing/replacement of belt/ rubber lagging on conveyor pulleys/ longitudinal jointing/spot patching and other conveyor works at CHP-210 MW ATPS MPPGCL Chachai	18912249/- Including GST	200000/-	Dtd. 09.02.2026 Upto 15.00 hrs	Dtd. 13.02.2026 from 15:30 hrs. Onwards

Note :- For details please visit the website **www.mptenders.gov.in** For any change in specification/ technical data please visit regularly website **www.mptenders.gov.in** Any addendum/corrigendum shall not be published in newspaper.

M.P. Madhyam/124123/2026 **"SAVE ELECTRICITY"** **SE (P&W)**